Title: Need for funding of developmental and welfare schemes in Kishanganj Parliamentary Constituency, Bihar- Laid.

श्री मोहम्मद असरारुल हक़ (किशनगंज): महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने निर्वाचन क्षेत्र किशनगंज, बिहार की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूँ जो आर्थिक और शैक्षिक रूप से अत्यंत पिछड़े निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है । मेरे जिले में खराब ढांचागत व्यवस्था, टूटी-फूटी सड़कें और अपर्याप्त संचार के साधनों से लोगों की गरीबी में और वृद्धि हो रही है । वहां से कुछ- एक नदियां तो गुजरती हैं जो जिले को खेती के लिहाज से समृद्ध बना सकती हैं, परन्तु उनसे निकलने वाली नहरों की कमी के कारण यह एक कम उपजाऊ क्षेत्र बना हुआ है । राज्य सरकार को विकास योजनाओं की सुध लेनी चाहिए परन्तु जब तक केन्द्र इन क्षेत्रों के लिए पर्याप्त निधियां निर्धारित नहीं कर देता, इस जिले के लिए विकास कर पाना संभव नहीं होगा ।

उपरोक्त के मद्देनजर मैं सभी संबंधित माननीय मंत्रियों से अनुरोध करता हूँ कि उठाए गए इस विषय पर पर्याप्त विचार करें और इस क्षेत्र के विकास के लिए किसी एकल योजना या अन्य योजनाओं के अंतर्गत पर्याप्त निधियां जारी करने की कृपा करें । माननीय वित्त मंत्री से भी मेरा अनुरोध है कि इस क्षेत्र के विकास और कल्याणकारी योजनाओं के लिए कोई पैकेज देने की कृपा करें ।